




**वैक्सीन हिचकिचाहट**
**(Hesitancy)**

वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगो का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा



## वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

- समुदाय में वैक्सीन को लेकर विरोध पहले से ही रहा है चाहे पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम हो, खसरा रूबेला अभियान या फिर नियमित टीकाकरण अभियान ही क्यूँ न हो परन्तु उपयुक्त रणनीति अपनाकर और समय- समय पर अभियान की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न संगठनो, संस्थाओ, धर्मगुरूओ , प्रभावशाली व्यक्तियों आदि के सहयोग से समुदाय को वैक्सीननेशन की सुरक्षा, महत्व, प्रभाव और आवश्यकता को समझकर अभियान सफल हुए है
- इसी प्रकार से हम कोविड -19 टीकाकरण में भी अलग अलग प्रकार की भ्रांतियों, अफवाहों आदि के बारे में सुन रहे है
- ये स्वाभविक है कि किसी भी नये प्रोग्राम के लिए लोगो के मन में शंकाएँ और प्रश्न हो सकते है और फिर सोशल मीडिया के माध्यम से बिना सोचे समझे अग्रेशित किए जाने वाले नकारात्मक सन्देश भी समुदाय में भ्रम पैदा करते है
- अगर हम उन प्रश्न के तथ्यात्मक और तर्कसंगत उत्तर दे देते है तो अभियान से लोगो को जुड़ने में मदद मिलती है और शंकाओं का निवारण होता है साथ ही टीकाकरण अभियान भी सफल होता है



- वैक्सीनेशन से संबंधित विरोध या प्रश्न - भ्रांतियों, अफवाहों, रीती रिवाजो, प्रथाओ, पुराने अनुभवों के आधार पर आधारित होते है या पूछे जाते है तो उनका निवारण भी इसी आधार पर होना चाहिये



## वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

### वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट / विरोध के प्रकार

- **तकनीकी/चिकित्सकीय** - वैक्सीन की रचना, उसका प्रोसेस, प्रतिकुल प्रभाव, कौन- कौन पात्र है या कौन पात्र नहीं है आदि से सबंधित
- **रीती रिवाजो / मान्यताओ** - रीती रिवाजो, प्रथाओ, मान्यताओ, पुराने अनुभवों के आधार पर पूछे जाने वाले प्रश्न / विरोध
- **धार्मिक** - धार्मिक मान्यताओ, धार्मिक रिती रिवाजो पर आधारित विरोध / प्रश्न
- **अफवाहों** - वैक्सीन से संबंधित भ्रांतियों, अफवाहों आदि से सबंधित विरोध / प्रश्न





**वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा**

**वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट या विरोध सम्बन्दी प्रशन**

# तकनीकी/चिकित्सकीय -

- प्रश्न :कोविड का टीका डीएनए बदल देता है ?
- प्रश्न : कोविड से ज्यादा खतरनाक तो कोविड टीके के प्रतिकुल प्रभाव होते है ? क्यूँ लगवाएँ ?
- प्रश्न : गर्भवती महिलाओ को कोविड का टीका नहीं लगवाना चाहिये उनके लिए खतरनाक हो सकता है क्यूँ लगवाएँ

# रीती रिवाजो / मान्यताओ -

- प्रश्न : हर तरह के बुखार, खांसी आदि होने पर अपने स्वयं का इलाज़ करते है जैसे:
- बड़ी इलायची, दाल चीनी,काली मिर्च, लोंग, अजवाइन और हल्दी के काढ़े के सावन से बुखार और कोविड वायरस खत्म होगा
- कभी किसी ने टीका नहीं लगवाया तो अब क्यों लगवाएँ ? इसलिए अब भी नहीं लगवाएँगें

## वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

### वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट या विरोध सम्बन्दी प्रशन

# धार्मिक –

- प्रश्न : क्या वैक्सीन को बनाने में गाय के बछड़े का डीएनए शामिल किया गया है ? जिसकी धर्म अनुमति नहीं देता
- प्रश्न : कोविड टीके का कोई दुष्प्रभाव महिला या पुरुष की प्रजनन क्षमता या माहवारी पर पड़ता है ? जिसकी धर्म अनुमति नहीं देता



# अफवाहों –

- प्रश्न : क्या 5G रेडिएशन की वजह से ही पूरी दुनिया में कोविद-19 की महामारी फैली है ? इसलिए टीका नहीं लगवायेंगें
- प्रश्न : क्या टीके के साथ शारीर में मेग्नेटिक चिप डाल दी जाती है और व्यक्ति 2 साल में मर जायेगा आदि ?

## वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

### वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट या विरोधी परिवारों से बातचीत का सही तरीका

- तकनीकी/चिकित्सकीय - **वैक्सीन की रचना, उसका प्रोसेस, प्रतिकुल प्रभाव, कौन- कौन पात्र है या कौन पात्र नहीं है आदि से सबंधित विरोध/ प्रश्न आते हैं**
- ऐसे विरोध / प्रश्न मेडिकल विशेषज्ञता आधारित होते है ऐसे सवालो के जवाब देने से पूर्व आशा /स्वास्थ्य मित्र को अपनी पूर्ण रूप से तैयारी करनी चाहिये जैसे:
- पीएचसी के डॉक्टर साहब और ए.एन,एम. दीदी, गाँव के निजी चिकित्सक के साथ हर संभव सवाल और उसके जवाब पर चर्चा और उसे नोट करना चाहिये
- जब भी ऐसे टीकाकरण विरोधी परिवार पर जायें तो अपने साथ गाँव के निजी चिकित्सक, पास के सरकारी हेल्थ सेंटर के चिकित्सक यदि हो, प्रधान जी को ज़रूर साथ रखें, चिकित्सक परिवार से बातचीत कर उन्हें वैक्सीन से संबंधित तथ्य समझायेगे और ये बतायेंगे कि वैक्सीन को बनाने में पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है जो पूरी तरह से सुरक्षित और प्रभावी है और कोविड के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करती है

# वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

## वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट या विरोधी परिवारों से बातचीत का सही तरीका

- रीती रिवाजो / मान्यताओ - रीती रिवाजो, प्रथाओ, मान्यताओ, पुराने अनुभवों के आधार पर पूछे जाने वाले प्रश्न / विरोध
- ऐसे प्रश्न जो समुदाय के रीती रिवाजो, प्रथाओ, मान्यताओ, पुराने अनुभवों पर आधारित होते है ऐसे सवालो के जवाब देने में संयम रखें, क्युकि ये समुदाय की सामाजिक मान्यताओ और भावनाओ से संबंधित होंते हैं
- ऐसे विरोधी परवारो से सबंधित सामाजिक नेता, समुदाय प्रधान, गाँव के निजी चिकित्सक जिससे परिवार अपना इलाज़ कराता है, संस्थान आदि से पहले ही चर्चा करे और ऐसे परिवरो की सूचि उनके साथ साझा करें
- जब भी ऐसे टीकाकरण विरोधी परिवार पर बातचीत के लिए जायें तो अपने साथ परिवारों विशेष से संबंधित सामाजिक नेता, प्रधान और गाँव के निजी चिकित्सक या अन्य प्रभावशाली व्यकित जिसका परिवार के साथ ज्यादा घुलना मिलना है साथ रखें
- समुदाय प्रधान और चिकित्सक जो परिवार से बातचीत करने में आपकी मदद करेंगें और वैक्सीन के महत्त्व को समझायेंगें की ट्रेडिशनल दवाओ से कोविड का इलाज़ संभव नहीं है इसका टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है अत: टीकाकरण करायें

# वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता  पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

## वैक्सीन के प्रति हिचकिचाहट या विरोधी परिवारों से बातचीत का सही तरीका

- धार्मिक मान्यताओ, धार्मिक रिती रिवाजो पर आधारित विरोध/ प्रश्न आते है
- उपरोक्त सभी प्रश्न या इसी प्रकार के और भी प्रश्न हो सकते है जो समुदाय के धार्मिक मान्यताओ, धार्मिक रिती रिवाजो पर आधारित होते है ऐसे सवालो के जवाब देने में संयम रखें, क्युकि ये समुदाय की धार्मिक मान्यताओ और भावनाओ से संबंधित होंते हैं
- समुदाय विशेष के वर्तमान धर्मगुरु,धार्मिक संस्थान, समुदाय से संबंधित निजी या सरकारी चिकित्सक, अन्य प्रभावशाली व्यक्ति जिनके साथ परिवार का ज्यादा घुलना मिलना है के साथ ऐसे विरोधी परिवारो की सूचि साझा करना उनका सहयोग लेना
- जब भी ऐसे टीकाकरण विरोधी परिवार पर बातचीत के लिए जायें तो अपने साथ समुदाय विशेष के वर्तमान धर्मगुरु, धार्मिक संस्थान या समुदाय विशेष के मेडिकल संस्थान की टीकाकरण को  बढ़ावा देने वाली अपील यदि हो, धर्मगुरु जो परिवार से बातचीत करने में आपकी मदद करेंगें और समझाने का प्रयास करेंगे
- कि वैक्सीन सुरक्षित है और तथ्यों के आधार पर इसमें ये बात साबित नहीं होती के इसमें कोई भी ऐसी चीज़ मिली है जिसकी धार्मिक आधार पर मनाही हो, इसलिए वैक्सीन सुरक्षित है और आप सभी लगवाएँ

## वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता  पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

### तैय्यारी के महत्वपूर्ण बिंदु

- बातचीत के लिए ऐसे समय का चुनाव करें जब परिवार के पास प्रयाप्त समय हो और वो आपकी बात ध्यान से सुनें
- साथ ही पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर को समर्थन करने से संबंधित सभी प्रकार की IEC सामग्री जैसे: विडियो,ऑडियो,लीफलेट आदि साथ ले कर जायें जो किसी सरकारी चिकित्सीय संस्था, चिकित्सक, भारत सरकार, राज्य सरकार, या जिला चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी,धार्मिक या सामाजिक संस्थान आदि द्वारा समर्थित किया गया हो
- बातचीत के दौरान उस परिवार के आसपास के ऐसे लोगो का  उदहारण देना जिनका टीकाकरण हो गया हो या ऐसे लोगो को भी बातचीत में शामिल करना
- साथ ही @PIBFactCheck twitter या पीआईबी फैक्ट चैक नंबर: 8799711259 पर व्हाट्सऐप के द्वारा भी ऐसे प्रशनो से संबधित उत्तर को जाँचना चाहिये कि भारत सरकार  इस सम्बन्ध में क्या वक्तव्य दिया गया है और इसको परिवारों के साथ साझा करें
- ये ज़रूरी नही है आप को सभी सवालो के जवाब मालूम हो यदि कुछ ऐसे सवाल आते है तो ये बताने में हिचकिचाएं नही, परिवार को समझायें की ये जानकारी कल या अगली विजिट में आपके साथ साझा करेंगें अभी हमारे पास इसका जवाब नहीं है आदि

# वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता, महत्व, आवश्यकता पर लोगों का विश्वास बढ़ाने हेतू उपायो पर चर्चा

## तैय्यारी के महत्वपूर्ण बिंदु

- क्षेत्र के सभी धर्मगुरूओ, सामाजिक नेता, निजी चिकित्सक, सरकारी या गैर सरकारी टीचर, प्रधान जी, वार्ड मेबर, VHNSC, पंचायत कर्मी, NSS, NYKS सदस्यों आदि के समन्वय बनाकर रखें और टीकाकरण से संबंधित जानकारी साझा करते रहें
- ताकि आवश्यकता के समय सभी लोग आपके साथ हों और क्षेत्र में कोविड टीकाकरण को लेकर सकारात्मक माहौल बन सकें
- यदि हमारी बातचीत या संचार GATHER अनुसार होगा तो बातचीत प्रभावी ढंग से होगी और बातचीत एक दायरे में बंधी रहेगी
- G-Greet- अभिवादन करना
- A-Ask- स्वास्थ्य की जानकारी लेना
- T-Tell- COVID -19 संबंधी उपयुक्त जानकारी देना
- H-Help- टीकाकरण की सुरक्षा,प्रभाव,महत्व को समझाना, संदेह का निराकरण करना
- E-Explain- COVID-19 टीकाकरण सेंटर के बारे में जानकारी देना (कब, कहां है)
- R-Return- धन्यवाद और उन्हें फिर से आने के लिए कहना



## हमारा मास्क - हमारी पहचान







## धन्यवाद